हरिभूमि
# रायगढ़-जशपुर भूमि
बिलासपुर, बुधवार 15 अक्टूबर 2025

तापमान
अधिकतम 36.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

4 जिला स्तरीय विज्ञान सेमिनार का आयोजन





## खबर संक्षेप

### पुलिस ने 2 लाख के अवैध पटाखे किए जब्त

सुंदरगढ़। टाउन थाना पुलिस ने शंकरा निवासी राजेश साहू उर्फ राजू के पटाखा गोदाम पर छापामारी कर भारी मात्रा में अवैध पटाखे जब्त किए हैं। पुलिस निरीक्षक नायक के नेतृत्व में और टाउन थाना अधिकारी के पर्यवेक्षण में यह कार्रवाई की गई। सूत्रों के अनुसार राजेश अवैध रूप से पटाखों को बिक्री के लिए जमा कर रखा था। पुलिस को यह जानकारी किसी विश्वसनीय सूत्र से मिली, जिसके आधार पर गोदाम पर छापा मारा गया। इस कार्रवाई में लगभग 2 लाख रुपए से अधिक मूल्य के पटाखे बरामद हुए हैं। इस मामले में भारतीय दंड संहिता की धारा 9(बी) 1 (बी) भारतीय विस्फोटक अधिनियम और ओडिशा अग्नि एवं उच्च ध्वनि नियंत्रण अधिनियम की धारा 5 के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस अब आगे की जांच में जुटी है और आरोपी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

### प्राचार्य से दुर्व्यवहार का मामला गरमाया

राउरकेला। पानपोष स्वयं शासित कॉलेज में सोमवार को उस समय तनाव फैल गया जब कुछ बाहरी तत्वों ने कॉलेज प्राचार्या के साथ अभद्र व्यवहार किया। घटना के बाद कॉलेज परिसर में हंगामा मच गया। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी मौके पर पहुंचे और उनकी तत्परता से स्थिति पर नियंत्रण पाया गया, जिससे बड़ी घटना टल गई। प्राचार्या व छात्र प्रतिनिधियों ने एसपी कार्यालय पहुंचकर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। उनका आरोप है कि कुछ लोग कॉलेज की गरिमा धूमिल करने की कोशिश कर रहे हैं। मामले की जानकारी केंद्रीय मंत्री तक पहुंची, जिन्होंने प्राचार्य से बात कर संवेदना और समर्थन व्यक्त किया। प्रशासन ने घटना की जांच शुरू कर दी है।

### शुद्धिकरण संयत्र दो साल में भी नहीं हुआ पूरा

पुसौर। पुसौर जनपद क्षेत्र के ग्राम टपरदा में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी रायगढ द्वारा कलमा-कोडातराई जल समूह प्रदाय योजना के तहत एक जल शुद्धिकरण संयत्र का निर्माण 3 अक्टूबर 2023 से प्रारंभ हो चुका है। इसके कार्य ऐजेन्सी सुधाकरा इन्फाटेक प्राईवेट लिमिटेड है। बताया जाता है कि उक्त कार्य ऐजेन्सी के जरिए पेन्टी कांटेक्ट से कई छोटे छोटे ठेकेदारों को संबंधित काम वितरित किये गये हैं। सूत्रों के मुताबिक उक्त संयत्र को लगभग एक साल में पूरा हो जाना चाहिये था चूंकि उक्त संयत्र का मुल लक्ष्य लोगों को गर्मी के दिनों में पेय स्वच्छ जल मुहैया कराना था, लेकिन आज इसे दो वर्ष से अधिक हो गये यह संयत्र पुरा नहीं हो पाया है। उक्त संयत्र के जरिए समीपस्थ 24 ग्रामों से होता हुआ इसका पानी कोडातराई तक पहुंचाने की योजना है इसके लिये पाईप लाईन का भी कार्य जारी है। संयत्र निर्माण के लेट लतीफी का कारण स्थानीय जनप्रतिनिधियों का कहना है कि विभाग इसके लिये संवेदनशील नहीं है चूंकि इसका विधिवत मानिटरिंग नहीं की जा रही है।

### 5 सालों से चल रहा फर्जी स्कूल, बीईओ की जांच में मामले का हुआ खुलासा

# न छात्र ना ही स्कूल, संचालक ने आरटीई में प्रवेश दिखाकर शासन को लगाया 23 लाख का चूना

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़/खरसिया

खास खबर



खरसिया में एक अजीबो-गरीब मामला सामने आया है। बिना छात्र और बिना स्कूल के ही 5 सालों से स्कूल का संचालन दिखाकर संचालक सरकार की आंखों में धूल झोंकता आ रहा है। इतना ही नहीं आरटीई में प्रवेश दिखा कर संचालक द्वारा शासन को करीब 23 लाख का चूना लगाया गया है। यह मामला खरसिया के ग्राम बड़े देवगांव के अशासकीय मदर इंडिया कान्वेंट स्कूल का है। बीईओ की जांच में मामले का खुलासा हुआ है। ऐसे में स्कूल संचालक घनश्याम टंडन व प्रधान पाठक शांति टंडन के खिलाफ आरटीई की राशि वसूली तथा दंडात्मक कार्रवाई किए जाने के लिए बीईओ ने जिला शिक्षा अधिकारी को जांच रिपोर्ट भी भेजा है।

दरअसल अशासकीय मदर इंडिया कान्वेंट स्कूल को ग्राम बड़े देवगांव में सन 2017-18 से संचालित होना बताकर सन् 2020-2021 से आरटीई के तहत प्रतिपूर्ति राशि हासिल की जा रही थी। खास बात यह है कि इस स्कूल में आज तक किसी भी वर्ष का परीक्षाफल पंजी में संधारित नहीं है और ना ही किसी भी विद्यार्थी को स्थानांतरण प्रमाणपत्र ही जारी किया गया है। एक माह पूर्व रायगढ़ कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने जिले में सभी प्राइवेट स्कूलों की जांच के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया था। विकासखंड शिक्षा अधिकारी एलएन पटेल ने जांच की तो पाया कि खरसिया विकासखंड के ग्राम बड़े देवगांव में अशासकीय मदर इंडिया कान्वेंट स्कूल के द्वारा आरटीई के तहत प्रवेश बता कर लाखों का गड़बड़झाला किया गया है। संचालक द्वारा वर्ष 2022-23, 2023-24 व 2024-25 में अध्यनरत विद्यार्थियों की दर्ज संख्या उपलब्ध कराई गई है। जिसमें नर्सरी से कक्षा 5 वीं तक कमशः 118, 110 व 95 विद्यार्थी अध्यनरत बताए गए हैं। जबकि वर्ष 2025-26 में नर्सरी से कक्षा पहली तक की दर्ज संख्या 30 बताई गई है, जिसमें आरटीई के 18 बच्चे शामिल हैं। जबकि वास्तव में 2020-21 से वर्तमान सत्र तक एक भी छात्र-छात्रा उस विद्यालय में अध्ययनरत नहीं है।

**शासन को किया जा रहा गुमराह**

शासन को गुमराह करने के लिए 8 जुलाई को जिला शिक्षा अधिकारी रायगढ़ को स्कूल स्थानांतरण की झूठी शपथ पत्र सहित सूचना दी गई कि वर्तमान में स्कूल गाड़ाबोरदी में संचालित है। संचालक द्वारा गाड़ाबोरदी के एक झोपड़ीनुमा भवन में अपने विद्यालय के नाम का फैलेक्सी तो लगा दिया है, विद्यालय संचालित नहीं है। इस बात का खुलासा भी बीईओ की जांच में हुआ है। संचालक द्वारा फर्जी तरीके से पिछले 5 वर्षों से आरटीई में अध्ययनरत विद्यार्थियों के शुल्क व गणवेश प्रतिपूर्ति की राशि नोडल प्राचार्य शासकीय उमावि बोतल्दा से सत्यापित कराकर शासन से प्राप्त किया जा रहा है।

### स्कूल की मान्यता रद्द करने डीईओ को भेजा प्रतिवेदन

इस प्रकार अशासकीय मदर इंडिया कान्वेंट स्कूल बड़े देवगांव वास्तव में सत्र 2020-21 से आज पर्यन्त कहीं भी संचालित नहीं है। विद्यालय का संचालक घनश्याम टंडन पिता रामायण दास टंडन तथा प्रधान पाठक श्रीमती शांति टंडन पति घनश्याम टंडन निवासी ग्राम अड़भार, तहसील अड़भार, जिला सक्ति के निवासी हैं और फर्जी तरीके से विद्यालय संचालित कर रहें है। उनके विद्यालय में पिछले 5 वर्षो से कोई विद्यार्थी अध्ययनरत नहीं है फिर भी वो आरटीआई के तहत प्रवेशित छात्रों का शुल्क प्रतिपूर्ति राशि शासन से प्राप्त कर रहे हैं। उक्त मामले में स्कूल की मान्यता तत्काल समाप्त करने की कार्रवाई करने तथा संचालक व प्रधान पाठक के विरूद्ध शासन से आरटीआई की गबन की राशि वसूली सहित दंडात्मक कार्रवाई करने जिला शिक्षा अधिकारी को प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया है।

### 5 सालों से इस तरह लेता रहा आरटीई की राशि

संचालक द्वारा उपलब्ध कराए गए आरटीई हेतु बैंक खाता क्रमांक 5535101001186 केनरा बैंक खरसिया, शाखा खरसिया के बैंक स्टेटमेंट के अनुसार पिछले 5 वर्षों में शासन द्वारा कमशः रूपए 3,04,121 रुपए, 4,48,710 रुपए, 5,24,120, रूपए 5,02,372 तथा रूपए 4,72,958 कुल रूपए 22 लाख 52 हजार 281 रूपए प्रदान किया गया है। पिछले वर्ष के 55 विद्यार्थियों के रूपए 4,13,505 के दावा राशि की सूची जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में जमा है। संबधित को संदर्भित पत्र कमांक 1 के द्वारा प्राप्त राशि 22,52,281 को शासन के पक्ष में चालान द्वारा जमा कर स्पष्टीकरण मांगा गया था, लेकिन उसके द्वारा न ही उक्त राशि शासन के पक्ष में जमा किया गया और न ही स्पष्टीकरण का कोई जवाब प्रस्तुत किया गया है।

### सूची में अंकित अधिकांश छात्र दूसरे स्कूल में अध्ययनरत

संचालक द्वारा वर्ष 2022-23, 2023-24 व 2024-25 में दावा किए गए सूची के अनुसार सूची में अंकित अधिकांश छात्र शासकीय प्राथमिक शाला बड़े देवगांव, शासकीय प्राथमिक शाला उरांव पारा बड़े देवगांव तथा अशासकीय चन्द्रपाल संस्कृत विद्यालय बड़े देवगांव में अध्ययनरत पाए गए हैं। प्रधान पाठकों ने इसे प्रमाणित किया है इस प्रकार संचालक द्वारा फर्जी तरीके से शुल्क प्रतिपूर्ति की राशि शासन से प्राप्त किया जा रहा है।

### वेरीफिकेशन के लिए मौके पर जाऊंगा

मदर इंडिया कान्वेंट नामक स्कूल है या नहीं इस बारे में अभी फिलहाल मैं कुछ नहीं कह सकता। मेरे पास नोडल अधिकारी की जांच रिपोर्ट आई है, जिसमें स्कूल कहीं और शिफ्ट होने की बात कही गई है। वहीं बीईओ की जांच रिपोर्ट में स्कूल संचालित नहीं होना बताया गया है। मेरे पास दो अलग-अलग जांच रिपोर्ट आई है, ऐसे में मैं स्वयं वेरीफिकेशन के लिए मौके पर जाउंगा उसके बाद ही कुछ बता पाउंगा।

**-केवी राव,** डीईओ, रायगढ़

## मां ने अपने जिगर के टुकड़े को 50 हजार में बेचा

राउरकेला। जिले के खनिज संपदा से समृद्ध कोइडा क्षेत्र से एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। पाटमुंडा हाटिंग गांव की एक गरीब महिला पार्वती लुगुन ने आर्थिक तंगी के चलते अपने नवजात शिशु को 50 हजार रुपए में बेच दिया और अब घर से फरार हो गई है। सूत्रों के अनुसार पार्वती ने 31 अगस्त को राउरकेला सरकारी अस्पताल में बच्चे को जन्म दिया था। डिस्चार्ज होने के बाद उसने तय सौदे के तहत बच्चे को बेच दिया और पहले चरण में 25 हजार रुपए प्राप्त किए। बाद में आशा कार्यकर्ता मागदली नायक और आंगनवाड़ी कार्यकर्ता शकुंतला दास ने जब बच्चे के बारे में पूछताछ की तो पार्वती ने पहले टालमटोल किया, लेकिन संदेह बढ़ने पर मामला बाल विकास परियोजना अधिकारी सीडीपीओ अनीता साहू तक पहुंचा। उनके हस्तक्षेप के बाद यह हैरान करने वाला सच सामने आया। सीडीपीओ अनीता साहू ने बताया कि बच्चे को खोजने और पार्वती लुगुन का पता लगाने के लिए जांच टीम गठित कर दी गई है। प्रशासन ने मामले को गंभीरता से लेते हुए संबंधित थाने को भी सूचना दी है। यह घटना एक बार फिर खनन क्षेत्र की सामाजिक विडंबना को उजागर करती है जहां करोड़ों रुपए का राजस्व सरकार को मिलता है वहीं स्थानीय लोग भुखमरी, कर्ज और अमानवीय परिस्थितियों में जीवन जीने को मजबूर हैं।

## प्लांट से काम कर घर लौट रहे युवक को अज्ञात वाहन ने रौंदा, मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



पूंजीपथरा थाना क्षेत्र अंतर्गत प्लांट से काम कर घर लौट रहे बाइक सवार युवक को अज्ञात वाहन ने अपनी चपेट में ले लिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले को विवेचना में लिया है।

दरअसल सोमवार की रात ग्राम गेरवानी-सराइपाली के बीच स्थित मां काली प्लांट के पास सड़क किनारे एक युवक खून से लथपथ हालत में पड़ा मिला। उसके सिर और चेहरे पर गंभीर चोट के निशान थे और उसकी सांसें थम चुकी थी। आसपास के लोगों ने घटना की सूचना तुरंत पुलिस को दी। सूचना मिलते ही डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची और शव को अस्पताल पहुंचाया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू की तब मृतक की पहचान बिहार के वैशाली जिले के ग्राम बोरीगामा निवासी विरेंद्र कुमार के रूप में हुई। पुलिस के अनुसारए विरेंद्र कुमार एनआर इस्पात प्लांट में फिटर के पद पर कार्यरत था। देलारी गांव में किराए के मकान में रहता था। सोमवार को वह सुबह काम पर गया था। रात में घर लौटते समय यह हादसा हो गया। किसी अज्ञात वाहन ने तेज और लापरवाही से वाहन चलाते हुए उसे टक्कर मारी। जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर आगे की जांच शुरू कर दी है। स्थानीय लोगों ने बताया कि इस सड़क की हालत लंबे समय से बेहद खराब है। गड्ढों और टूटे हुए हिस्सों के कारण आए दिन यहां हादसे हो रहे हैं। कुछ समय पहले ही ग्रामीणों ने सड़क निर्माण की मांग को लेकर चक्काजाम किया था। उस समय प्रशासन ने सुधार का आश्वासन देकर आंदोलन खत्म कराया था, लेकिन अब तक सड़क की मरम्मत नहीं हो पाई है।

## डीएसपी ट्रैफिक ने स्कूल वेन और ऑटो चालकों की ली बैठक

# शराब पीकर ऑटो चलाते पकड़े गए तो चालकों पर होगी कड़ी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए डीएसपी ट्रैफिक उत्तम प्रताप सिंह द्वारा विशेष पहल करते हुए शहर के विभिन्न स्कूलों में संचालित स्कूल वेन और निजी ऑटो चालकों की बैठक थाना यातायात में आयोजित की गई। बैठक में विद्यार्थियों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए डीएसपी ट्रैफिक ने सभी चालकों को स्पष्ट निर्देश दिए कि किसी भी स्थिति में बच्चों की सुरक्षा में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने समझाइश दी कि स्कूली वाहनों में निर्धारित क्षमता से अधिक बच्चों का परिवहन न किया जाए, वाहन हमेशा निर्धारित गति सीमा में चलाए जाएं तथा सड़क पर यातायात नियमों का कड़ाई से पालन किया जाए। चालकों को यह भी चेतावनी दी गई कि शराब या किसी प्रकार के नशे की हालत में वाहन चलाते पाए जाने पर उनके विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। डीएसपी ट्रैफिक ने कहा कि सड़क सुरक्षा सामूहिक जिम्मेदारी है और हर चालक को यह सुनिश्चित करना होगा कि बच्चे सुरक्षित रूप से अपने गंतव्य तक पहुंचे। उन्होंने सभी स्कूल प्रबंधन को भी निर्देशित किया कि वाहन नियमित रूप से फिटनेस जांच कराएं, चालकों के दस्तावेज पूर्ण और वैध हों तथा वाहनों में फर्स्ट एड बॉक्स और अग्निशामक यंत्र अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराएं।

# जमीन विवाद को लेकर बवाल, थाने में जमकर हंगामा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

### जूटमिल पुलिस ने दोनों पक्षों के खिलाफ दर्ज किया मामला

जूटमिल थाना क्षेत्र अंतर्गत जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों में बवाल हो गया और तनाव की स्थिति निर्मित हो गई। इतना ही नहीं थाने के भीतर भी दोनों पक्षों ने जमकर हंगामा मचाया। किसी तरह पुलिस ने हंगामा मचाने वालों को थाने से बाहर खदेड़ा और स्थिति को अपने नियंत्रण में लिया। पुलिस ने दोनों पक्षों के खिलाफ अपराध दर्ज कर लिया है। जानकारी के अनुसार लेबर कॉलोनी में रहने वाले मनीष सिंह ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि सोमवार की शाम 4 बजे वह अपने घर के पास मौजूद था। तभी उसके मकान के किनारे जेसीबी और मशीन से तोड़फोड़ की जा रही थी, जिससे उसके मकान की बाहरी दीवार क्षतिग्रस्त हो गया। मनीष ने जब जेसीबी ऑपरेटर को काम रोकने को कहा तो ऑपरेटर रामदास महंत ने उसके साथ गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी और जेसीबी चढ़ाने की कोशिश की। रिपोर्ट में मनीष ने आरोप लगाया है कि रामदास महंत ने जेसीबी के बकेट से उसे मारने का प्रयास किया, जिससे उसके बाएं पैर की पिंडली और घुटने में चोट लगी है। वहीं दूसरी ओर जेसीबी ऑपरेटर रामदास महंत ने भी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। उसने बताया कि सोमवार दोपहर वह अरुण मंडल के कहने पर कृष्णा रियल्टी फर्म की लेबर कॉलोनी के पास स्थित एक निजी जमीन पर घास-फूस की सफाई करने गया था। सफाई के दौरान दधिच सिंह के मकान की बाहरी दीवार का कुछ हिस्सा गिर गया। इस पर दधिच सिंह और उसके साथियों ने गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी और लाठी-डंडे से मारपीट की। दोनों पक्षों के आवेदन पर पुलिस ने अपराध दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है।




### बैनर, पोस्टर लगाकर ट्रैफिक पुलिस ने लोगों को किया जागरूक

# पुलिस ने छात्रों को दी ट्रैफिक नियमों की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



मंगलवार को यातायात पुलिस रायगढ़ द्वारा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कांटाहरदी में यातायात जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में प्रधान आरक्षक मुकेश चौहान द्वारा छात्र-छात्राओं एवं अध्यापकों को सुरक्षित यातायात नियमों की जानकारी विस्तारपूर्वक दी गई। उन्होंने कहा कि प्रत्येक नागरिक को सड़क पर चलते समय न केवल अपनी बल्कि दूसरों की सुरक्षा का भी ध्यान रखना चाहिए। छात्रों को समझाइश दी गई कि वाहन चलाने से पूर्व वैध ड्राइविंग लाइसेंस प्राप्त करें, वाहन चलाते समय हेलमेट व सीट बेल्ट का उपयोग अनिवार्य रूप से करें, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग न करें, सड़क पार करते समय दाएं-बाएं देखकर ही पार करें, तेज गति से वाहन न चलाएं, तीन सवारी चलाने से बचें तथा शराब पीकर वाहन चलाने वाले चालक के वाहन में कभी सवार न हों।

### मालवाहक वाहनों में सफर करने से बचें

प्रधान आरक्षक मुकेश चौहान ने बच्चों को कहा कि गांवों में मालवाहक वाहनों में बैठकर शादी, छट्ठी, मेला कार्यक्रम में आते जाते हैं जो खतरनाक है, जिसमें दुर्घटना होने की संभावना अधिक होती है। उन्होंने ऐसे यात्रा से बचने कहा। बच्चों से यह भी कहा गया कि वे इन नियमों की जानकारी अपने पालकों को भी दें ताकि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके।

### सार्वजनिक स्थानों पर लगाए गए बैनर-पोस्टर

यातायात पुलिस दल द्वारा ग्राम कांटाहरदी में भ्रमण कर ग्राम पंचायत भवन एवं सार्वजनिक स्थलों पर पुलिस मुख्यालय लीड एजेंसी द्वारा सड़क सुरक्षा संबंधी प्रदाय किए गए बैनर और पोस्टर चस्पा किए गए। ग्रामीणों से चर्चा कर उन्हें यातायात नियमों के पालन एवं सड़क सुरक्षा के महत्व से अवगत कराया गया। यह जनजागरूकता अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा।

खबर संक्षेप

## बिजली खंभों के लिए नपा को मिली 30 लाख की राशि

**जशपुरनगर।** लंबे समय से शहरवासियों और पार्षदों की मांग को ध्यान में रखते हुए, जशपुर नगर पालिका ने नगर के सभी 20 वार्डों में नवीन विद्युत खंभों के विस्तार हेतु विद्युत विभाग को 30 लाख रुपए की राशि जारी की है। इस कदम से न केवल शहर में विद्युत आपूर्ति की गुणवत्ता बढ़ेगी, बल्कि अंधेरे और सुरक्षा संबंधी समस्याओं का भी समाधान होगा। शहरवासियों की इस मांग को मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने पूरी की, वहीं उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने जशपुर नगर पालिका के लिए 30 लाख रुपए की मंजूरी दी। इस राशि के आवंटन में विधायक श्रीमती रायमुनी भगत की सक्रिय भूमिका रही, जिन्होंने शहर में विद्युत पोल के विस्तार हेतु लगातार प्रयास किए। नगर पालिका अध्यक्ष अरविंद भगत ने इस राशि स्वीकृति पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और उप मुख्यमंत्री अरुण साव का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए उनका आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि इस पहल से न केवल वार्डों में बेहतर रोशनी सुनिश्चित होगी, बल्कि नागरिकों की सुरक्षा और जीवनस्तर में भी सुधार आएगा। नगर पालिका का यह निर्णय शहर के विकास और आधुनिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है, जिससे जशपुरनगर और अधिक सुरक्षित एवं उज्ज्वल शहर के रूप में उभर सकेगा।

## लहपटरा स्कूल में 50 छात्राओं को बांटी गई साइकिल

**लहपटरा।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लहपटरा में मुख्य अतिथि एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना सरस्वती साइकिल वितरण योजना के तहत कक्षा 9 वीं में अध्ययनरत 50 बालिकाओं को साइकिल वितरित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि रवि अग्रवाल, दिनेश बारी, गोपाल सिंह द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया गया। संस्था की छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना का गायन किया गया। अतिथियों का स्वागत छात्राओं द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत कर किया गया एवं अतिथियों का स्वागत संस्था की प्राचार्य श्रीमती जेरमिना किण्डो एवं शिक्षक शिक्षिकाओं द्वारा पुष्प गुच्छ देकर किया गया। अतिथियों द्वारा शिक्षा गुणवत्ता बढ़ाने हेतु शासन द्वारा उठाये जाने वाले महत्वपूर्ण कार्यों के बारे में बताया। मंत्री राजेश अग्रवाल के सौजन्य संस्था के सभी बच्चो को पानी बोतल एवं अभ्यास पुस्तिका, कॉपी का वितरण किया गया। छात्राएं सामग्री पाकर खुश नजर आए। इस दौरान एसपी जायसवाल, राजेश सिंह, विष्णु राजवाड़े, राम प्रवेश राजवाड़े, अजय राजवाड़े के अलावा संस्था के सुषमा पाण्डेय, अन्नपूर्णा सिंह, धनंजय तिवारी, बृजेश पाण्डेय एवं समस्त स्टॉफ के अलावा बड़ी संख्या में विद्यालय की छात्राएं उपस्थित रहे।

## ढोढ़ी का पानी पीने को मजबूर ग्राम पंचायत आसनडीह के ग्रामीण

**धौरपुर।** चौमुखी विकास के इस दौरान में आज भी जिले के कई ग्राम पंचायत आज भी मूलभूत सुविधाओं से कोसो दूर है। कुछ इस तरह की स्थिति लुण्ड्रा क्षेत्र के ग्राम पंचायत आसनडीह डांरपारा की है। जहां आज तक ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल नसीब नहीं हो सकी। ग्रामीण आज भी स्वच्छ जल के अभाव में ढोढी का पानी पीने को मजबूर है। हैरानी की बात तो यह है कि गांव में एक भी हैंडपंप नहीं है और गांव के लोग जनप्रतिनिधि समेत जिला प्रशासन से एक हैंडपंप की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए कई बार गुहार लगा चुके है लेकिन समस्या का निराकरण नहीं हो सका। ग्रामीणों ने ग्राम पंचायत में शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने की मांग की है।लुण्ड्रा क्षेत्र के ग्राम पंचायत ग्राम पंचायत आसनडीह डांरपारा में आज तक शुद्ध पेयजल की व्यवस्था नहीं हो सकी। आज भी ग्रामीणों को गांव के बाहर खेत में स्थित ढोढी के पानी को पेयजल के लिए उपयोग करना पड़ता है। ग्रामीणों ने पेयजल सहित मूलभूत सुविधाओं के लिए सरपंच, ग्राम सभा सहित अधिकारियों को समस्याओं को लेकर शिकायत की गई परंतु आज तक क्षेत्र के लगभग 40 घरों की इस बस्ती की समस्या दूर नहीं हो सकी। ऐसे में गांव के लोग ढोढ़ी के पानी पीने के लिए मजबूर है। ग्रामीणों के बताया कि अन्य मौसम की अपेक्षा बरसात में उनकी परेशानी काफी बढ़ जाती है।

### आधे घंटे तक ठप रहा कोतबा-लवाकेरा मार्ग

# खरीबाहर में जंगली हाथियों का आतंक



**जशपुरनगर।** जिले में एक बार फिर जंगली हाथियों ने उत्पात मचाया है। सोमवार की रात कोतबा–लवाकेरा मार्ग पर खरीबाहर के पास हुए इस घटनाक्रम ने न सिर्फ लोगों में दहशत फैला दी बल्कि करीब आधे घंटे तक यातायात पूरी तरह ठप हो गया। बताया गया कि रात करीब 7:30 बजे अचानक एक हाथी सड़क पर उतर आया, उसके पीछे उसका पूरा झुंड भी पहुंच गया। कुछ ही देर में सड़क दोनों ओर वाहनों से जाम हो गई और ग्रामीणों में भगदड़ जैसे हालात बन गए।

## ग्रामीणों ने वन विभाग पर लापरवाही का लगाया आरोप

### प्रत्यक्षदर्शियों का बयान

घटनास्थल पर मौजूद ग्रामीणों ने बताया कि पहले एक हाथी दिखाई दिया था। लोग सड़क किनारे हटकर खड़े हो गए, लेकिन कुछ ही देर में 6 से 8 हाथियों का पूरा झुंड निकल आया। इन हाथियों में छोटे बछड़े भी शामिल थे, जो लगातार चिंघाड़ रहे थे। हाथियों को देखकर ग्रामीणों में खौफ फैल गया। कई बाइक सवार और वाहन चालक अपनी गाड़ियाँ छोड़कर दूर भाग गए। हाथियों के झुंड ने सड़क किनारे लगे पेड़ों की डालियाँ तोड़ीं और खेतों के किनारे बने बाँस-बल्लियों को रौंद डाला।

### वन विभाग की देरी पर उठे सवाल

ग्रामीणों का कहना है कि घटना के शुरुआती 20 से 25 मिनट तक वन विभाग या हाथी मित्र दल का कोई भी सदस्य मौके पर मौजूद नहीं था। ग्रामीणों ने खुद मशालें जलाकर और आवाजें निकालकर हाथियों को सड़क से हटाने का प्रयास किया, लेकिन झुंड तब तक सड़क पर ही डटा रहा। लगभग आधे घंटे बाद वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची, तब जाकर मशालों और पटाखों की मदद से हाथियों को जंगल की ओर खदेड़ा गया। इसके बाद ही सड़क पर यातायात बहाल हो सका।

### ग्रामीणों में बढ़ा भय और नाराजगी

घटना के बाद खरीबाहर, करियापानी, पोड़ी और आसपास के गांवों में भय और आक्रोश दोनों व्याप्त हैं। ग्रामीणों का कहना है कि पिछले पखवाड़े से लगातार हाथियों का झुंड इलाके में घूम रहा है। खेतों में लगी धान की फसल बर्बाद हो रही है, वहीं रात में झुंड के गांव के पास आने से लोग घरों से बाहर निकलने में डर रहे हैं। महिलाओं ने बताया कि शाम ढलते ही गांवों में लोग अपने बच्चों को घरों में बंद कर देते हैं।

### स्थानीय जनप्रतिनिधियों की प्रतिक्रिया

इस घटना के बाद क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों ने भी वन विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए हैं। उनका कहना है कि विभाग केवल घटना के बाद सक्रिय होता है, जबकि गांवों में पहले से चेतावनी और निगरानी का अभाव है।

### हाथियों की लगातार बढ़ती गतिविधि

वन विभाग के सूत्रों के अनुसार, यह झुंड लगभग 12 हाथियों का है, जो पिछले कुछ दिनों से कोतबा, लवाकेरा, सिजुआ और पत्थलगांव परिक्षेत्र के जंगलों के बीच आवाजाही कर रहा है। हाल में जंगलों में जल स्रोतों की कमी और पक चुकी फसलों की गंध के कारण झुंड गांवों की ओर खिंच आया है। विभाग का कहना है कि हाथियों के मार्ग को ट्रैक किया जा रहा है और गश्ती दल को सक्रिय किया गया है।



## तेज रफ्तार हाइवा और बस भिड़े चालक की मौके पर मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जशपुरनगर



जिले के कुनकुरी थाना क्षेत्र में मंगलवार दोपहर उस वक्त कोहराम मच गया, जब श्रीनदी के पास तेज रफ्तार हाइवा और यात्री बस की आमने-सामने भीषण भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि हाइवा पुल की रेलिंग तोड़ते हुए नीचे जा गिरी और उसके केबिन के परखच्चे उड़ गए। हादसे के बाद सड़क पर चीख-पुकार मच गई और आसपास के लोग घटनास्थल की ओर दौड़ पड़े।

- क्लीनर गंभीर, गैस कटर से काटकर निकाला गया शव

जानकारी के अनुसार, आयरन से भरी यह हाइवा अंबिकापुर से रायगढ़ की ओर जा रही थी।

### बोर्ड लगाने की मांग

स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि श्रीनदी पुल के इस हिस्से पर आए दिन हादसे होते हैं। यहां सड़क संकरी है और मोड़ अचानक आता है, जिससे वाहन चालक नियंत्रण खो बैठते हैं। लोगों ने प्रशासन से इस जगह पर स्पीड ब्रेकर और चेतावनी बोर्ड लगाने की मांग की है।

### हालत नाजुक

स्थानीय ग्रामीणों ने तत्काल पुलिस और 108 एंबुलेंस को सूचना दी। कुछ ही देर में कुनकुरी थाना प्रभारी दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे और राहत-बचाव कार्य शुरू किया गया। गैस कटर की मदद से हाइवा का केबिन काटकर चालक और क्लीनर को बाहर निकाला गया। लेकिन तब तक चालक ने मौके पर ही दम तोड़ दिया था। गंभीर रूप से घायल क्लीनर को तुरंत कुनकुरी अस्पताल भेजा गया, जहां उसकी हालत नाजुक बताई जा रही है।

### मुख्य मार्ग पर जाम

प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि बस और हाइवा दोनों ही तेज रफ्तार में थे। पुल के संकरे मोड़ पर नियंत्रण खोने से यह हादसा हुआ। टक्कर इतनी भीषण थी कि बस के आगे के हिस्से का भी शीशा चकनाचूर हो गया। बस में बैठे यात्रियों में चीख-पुकार मच गई, हालांकि बस में किसी को गंभीर चोट नहीं आई। घटना की खबर लगते ही बड़ी संख्या में लोग मौके पर पहुंच गए। हादसे के कारण रायगढ़-अंबिकापुर मुख्य मार्ग पर लंबा जाम लग गया।

## वन विभाग की बड़ी कार्रवाई सागौन चिरान जब्त

**जशपुरनगर।** वन विभाग द्वारा अवैध लकड़ी तस्करी पर नियंत्रण के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में जशपुर वनमण्डल के अंतर्गत पत्थलगांव वन परिक्षेत्र में वन विभाग की टीम ने एक महत्वपूर्ण कार्रवाई करते हुए सागौन की अवैध चिरान लकड़ी जब्त की है।




जानकारी के अनुसार, 10 अक्टूबर को पत्थलगांव परिक्षेत्र के वन अधिकारियों को यह सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम बेलडेगी (कोरवाबहार) में निवासी श्री शिव कुमार नाग पिता सुखसाय नाग द्वारा अवैध रूप से लकड़ी रखी गई है। सूचना को गंभीरता से लेते हुए वनमण्डलाधिकारी जशपुर के निर्देशन पर वन परिक्षेत्राधिकारी पत्थलगांव ने एक विशेष टीम का गठन किया और तत्काल छापेमारी की कार्रवाई के निर्देश दिए। वन अमले की टीम ने ग्राम बेलडेगी (कोरवाबहार) पहुंचकर आरोपी के घर की तलाशी ली, जहाँ से अवैध सागौन चिरान के कुल 23 नग (लगभग 0.192 घन मीटर) लकड़ी बरामद की गई। पूछताछ में लकड़ी के संबंध में कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया गया। जिसके बाद वन विभाग ने लकड़ी को तत्काल जप्त कर लिया। इस संबंध में वन अपराध दर्ज किया गया है। जब्त की गई लकड़ी को आवश्यक कार्यवाही हेतु विभागीय डिपो में सुरक्षित रखा गया है। वन अधिकारियों ने बताया कि अवैध वनोपज की खरीद–फरोख्त और भंडारण वन अधिनियम के तहत दंडनीय अपराध है। विभाग द्वारा ऐसे मामलों में सख्त कार्रवाई की जाएगी। वनमण्डलाधिकारी जशपुर ने कहा कि विभाग की टीमें लगातार क्षेत्र में गश्त कर रही हैं और किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि बख्शी नहीं जाएगी। वन संपदा की सुरक्षा में स्थानीय नागरिकों की सहभागिता भी आवश्यक है, इसलिए लोगों से अपील की गई है कि किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल वन विभाग को दें।

## मुख्य डाकघर में राउटर खराब खाताधारक परेशान

**जशपुरनगर।** मुख्य डाकघर में बीते तीन दिनों से राउटर खराब होने के कारण पूरे जिले के खाताधारकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जमा और निकासी दोनों ही प्रकार के कार्य पूरी तरह ठप हैं। ग्रामीण क्षेत्रों से लेकर शहर तक के खाताधारक रोज़ाना डाकघर का चक्कर लगा रहे हैं, लेकिन हर बार उन्हें निराश लौटना पड़ रहा है।

जानकारी के अनुसार, गुरुवार से डाकघर का राउटर और कंप्यूटर सिस्टम बंद पड़ा है। कर्मचारीयों ने बताया कि रायगढ़ मुख्य कार्यालय से नया कंप्यूटर और राउटर मंगाया गया है। परंतु अब तक नहीं पहुंच सका है। जब तक नया सिस्टम स्थापित नहीं होता, तब तक लेनदेन की प्रक्रिया शुरू नहीं की जा सकेगी। इन दिनों दीपावली का त्यौहार नजदीक है, ऐसे में लोगों को घर-परिवार के खर्चों के लिए पैसों की आवश्यकता है। डाकघर की तकनीकी खराबी ने आम नागरिकों को बड़ी असुविधा में डाल दिया है। शहर के निवासी राजकिशोर सिंह, जो हर महीने अपनी बचत राशि डाकघर में जमा करते हैं, ने बताया "मैं दो दिनों से डाकघर आ रहा हूं, लेकिन हर बार यही जवाब मिलता है कि नेटवर्क नहीं चल रहा है।"ग्राम इचकेला निवासी ललिता देवी ने बताया कि उन्हें अपने बेटे की पढ़ाई के लिए पैसे निकालने थे, पर सिस्टम बंद होने के कारण उन्हें निराश लौटना पड़ा।



### कार्य प्रभावित

वर्तमान में राउटर तकनीकी खराबी के कारण कार्य प्रभावित है। समस्या का निराकरण कराया जा रहा है, और सेवा जल्द ही सामान्य कर दी जाएगी।

-**लक्ष्मी प्रधान**, अधीक्षक, डाकघर, जशपुरनगर

### युवती से अनाचार आरोपी गिरफ्तार

**जशपुरनगर।** जिले के पत्थलगांव क्षेत्र में एक गंभीर महिला अपराध का मामला सामने आया है। 20 वर्षीय युवती के साथ शादी का झांसा देकर लगातार अनाचार करने वाले आरोपी अमन लकड़ा (22 वर्ष) को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया। पुलिस का कहना है कि महिलाओं से जुड़े अपराधों में कोई नरमी नहीं बरती जाएगी।इस संबंध में पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार थाना पत्थलगांव में दिनांक 13 अक्टूबर 2025 को युवती ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह बीए की छात्रा है और कंप्यूटर का कोर्स कर रही है। युवती ने बताया कि 4 जून 2024 को वह अपने ही गांव में अपनी रिश्ते की बहन की शादी में आई थी।



## पैरालीगल वॉलिटियर की प्रशिक्षण कार्यक्रम सम्पन्न

**जशपुरनगर।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के निर्देशानुसार प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश व अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जशपुर के सत्येन्द्र कुमार साहू की अध्यक्षता में जिला एवं तालुका स्तर के अंतर्गत कार्यरत अधिकार मित्रों की विगत दिवस 13 अक्टूबर को जिला न्यायालय जशपुर के सभाकक्ष में प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम, 1987 के अंतर्गत आमजनों एवं राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली के ध्येय वाक्य न्याय सबके लिए तथा नालसा द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत आम नागरिकों एवं जन समुदाय तक कानूनी सहायता व सलाह उपलब्ध कराये जाने तथा उनके अधिकारों के बारे में जागरूक किये जाने के प्रयोजनार्थ प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित की गई। प्रशिक्षण कार्यक्रम में श्री सत्येन्द्र कुमार साहू द्वारा मर्यादा एवं कानून के दायरे में रहकर आमजनों एवं जनसमुदाय के मध्य विधिक सलाह एवं सहायता प्रदान करने तथा उनके अधिकारों के हितों की रक्षा करने एवं अन्य कानूनी सेवाएं प्रदाय किये जाने के संबंध में अधिकार मित्रो (पैरालीगल वॉलिटियर्स) को सहभागिता से कार्य करते हुये जरूरतमंद व्यक्तियो को विधिक सहायता व सलाह हेतु सहभागिता से कार्य करते हुये अपनी उपलब्धिता सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया। जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश (एफटीसी) जनार्दन खरे द्वारा अपने उद्बोधन में कहा गया कि पैरालीगल वॉलिण्टियर का अर्थ अर्द्ध न्यायी स्वयंसेवक है। समाज के कमजोर वर्गों एवं दूरस्थ अचलों तक न्याय की पहुंच को सुनिश्चित करने हेतु नालसा द्वारा कानूनी प्रचार-प्रसार हेतु स्वैच्छिक रूप से इच्छुक व्यक्तियों को पैरालीगल वॉलिण्टियर के रूप में कार्य करने हेतु प्रक्रिया प्रारंभ की गई है।

## मुद्रा लोन से साकार हुआ सपना बुढाडांड की प्रीति बनीं लखपति दीदी



**जशपुरनगर।** अपने दुकान में सौंदर्य प्रसाधन से लेकर घरेलू सामान का विक्रय करती प्रीति गुप्ता महिला सशक्तिकरण की मिसाल बन चुकी हैं। उनके चेहरे पर एक अलग ही आत्मविश्वास झलकता है। वह उत्साह से बताती है कि मुद्रा लोन की मदद से वह अपना व्यापार खड़ा कर पाई है। लक्ष्मी स्व-सहायता समूह से जुड़ी प्रीति ने बताया कि उन्हें 01 लाख रुपए मुद्रा लोन के रूप में मिला था। आज वह अपने व्यापार से सालाना लगभग 2.50 लाख रुपए तक कमाई कर पाती है। विकासखंड बगीचा के ग्राम बुढाडांड की रहने वाली प्रीति गुप्ता ने मुद्रा लोन लेकर दुर्गा श्रृंगार एवं किराना दुकान की शुरुआत की। प्रारंभ में छोटे स्तर पर दुकान संचालित करने वाली प्रीति ने धीरे-धीरे ग्राहकों की जरूरतों को समझते हुए दुकान का विस्तार किया। आज उनकी दुकान गांव की प्रमुख दुकानों में गिनी जाती है। सौंदर्य प्रसाधन से लेकर हर जरूरत का सामान उनकी दुकान में उपलब्ध है। मुद्रा लोन से मिली आर्थिक सहायता एवं मेहनत और लगन का ही परिणाम है कि आज वे प्रतिवर्ष लगभग 2.50 लाख का शुद्ध लाभ कमा रही हैं। उन्होंने अपने आत्मविश्वास, परिश्रम और बिहान योजना के सहयोग से लखपति दीदी बनने का सपना साकार किया है। प्रीति मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि महिलाओं की सशक्तीकरण के लिए किए जा रहे कार्यों की वजह से आज मेरे जैसी कितनी महिलाएं आत्मनिर्भर हो पाई हैं। उन्होंने कहा कि बिहान ने मुझे अपने पैरों पर खड़े होने का अवसर दिया।

## राजस्व प्रकरणों का समय सीमा में करें निराकरण



**जशपुरनगर।** अपर कलेक्टर प्रदीप साहू ने आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में राजस्व विभाग के अधिकारियों की विस्तृत समीक्षा बैठक ली। उन्होंने बैठक में अनुविभाग एवं तहसीलवार लंबित राजस्व प्रकरणों की जानकारी लेते हुए विशेष अभियान चलाकर प्रकरणों का शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए। अपर कलेक्टर श्री साहू ने कहा कि राजस्व विभाग के अधिकारी गंभीरतापूर्वक कार्य करते हुए नामांतरण, डायवर्सन, भू-अर्जन, त्रुटि सुधार, सीमांकन, स्वामित्व योजना, आरबीसी 6-4 के प्रकरणों सहित सभी लंबित मामलों का समय-सीमा के भीतर निराकरण करें। उन्होंने स्वामित्व योजना, मसाहती गांव सर्वेक्षण, डिजिटल हस्ताक्षर से अभिलेख सत्यापन, किसान किताब में आधार प्रविष्टि, भू-नक्शा अद्यतन, भू-बंटन रिकार्ड दुरुस्ती और त्रुटि सुधार की प्रगति की भी समीक्षा की। साथ ही समय सीमा में सभी प्रकरणों को निराकृत करने को कहा। उन्होंने कहा कि राजस्व विभाग के मैदानी अमलों आरआई एवं पटवारियों को लंबित प्रकरणों के निराकरण सुनिश्चित करने सक्रियतापूर्वक कार्य के लिए तत्पर किया जाए। इस दौरान बैठक में जिले के एसडीएम, तहसीलदार, नायब तहसीलदार एवं अन्य राजस्व अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में अपर कलेक्टर श्री साहू ने एग्रीस्टेक पंजीयन के अद्यतन स्थिति की भी जानकारी ली। उन्होंने कहा कि एग्रीस्टेक पोर्टल में किसानों का शत-प्रतिशत पंजीयन कराया जाए। इसके लिए राजस्व विभाग कृषि विभाग के साथ समन्वय स्थापित कर अभियान चलाए, जिससे किसानों को समर्थन मूल्य पर धान बेचने में सुविधा होगी। इस संबंध में उन्होंने अभी तक कुल पंजीयन, स्वीकृत एवं सत्यापन के लिए लंबित प्रकरणों की जानकारी लेकर आवश्यक निर्देश दिए। अपर कलेक्टर ने इस दौरान हाईकोर्ट में लंबित प्रकरण आदि कार्यवाही की स्थिति की समीक्षा की। साथ ही लोक सेवा गारंटी अधिनियम 2011 के क्रियान्वयन की भी जानकारी ली। उन्होंने बैठक में एसडीएम, तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार न्यायालयों में लंबित प्रकरणों को भी अभियान चलाकर शीघ्र निराकृत करने के निर्देश दिए। उन्होंने इस दौरान कहा कि जनहित के मामलों को अनावश्यक रूप से लंबित न रखा जाए और पारदर्शिता के साथ कार्य किया जाए।

**खास बात**

- अपर कलेक्टर ने राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक में दिए निर्देश

### प्रतियोगिता में राज्य के 18 जिलों के 204 खिलाड़ियों ने लिया भाग

# चेस टूर्नामेंट के स्पर्श बने ओवरऑल चैंपियन







हरिभूमि न्यूज ▶▶ जशपुरनगर

छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव अंतर्गत कलेक्टर रोहित व्यास के मार्गदर्शन में जशपुर में आयोजित तीन दिवसीय छत्तीसगढ़ स्टेट लेवल ओपन चेस टूर्नामेंट का सोमवार को सफलतापूर्वक समापन हुआ। इस राज्य स्तरीय स्पर्धा में प्रदेश के 18 जिलों के कुल 204 खिलाड़ियों ने भाग लिया।

टूर्नामेंट में राजनांदगांव के स्पर्श खंडेलवाल ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए ओवरऑल चैंपियन का खिताब जीता। उन्हें 31 हजार रुपये की पुरस्कार राशि और ट्रॉफी प्रदान की गई। वहीं दूसरे स्थान पर दुर्ग के 10 वर्षीय खिलाड़ी वी. विराट अय्यर रहे, जिन्हें 21 हजार रुपए और ट्रॉफी से सम्मानित किया गया। तीसरा स्थान संकल्प कश्यप को प्राप्त हुआ, जिन्हें 11 हजार रुपए की राशि और ट्रॉफी प्रदान की गई। स्पर्धा में विभिन्न आयु वर्गों, महिला वर्ग एवं दिव्यांग श्रेणी में भी विजेताओं और उपविजेताओं को पुरस्कार राशि और ट्रॉफी प्रदान की गई। समापन समारोह के मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष श्री सालिक साय ने सभी विजेता खिलाड़ियों को बधाई दी और आयोजनकर्ताओं को बेहतर आयोजन के लिए सराहना भी की। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक खूबसूरती के लिए मशहूर जशपुर खेल के क्षेत्र में भी आगे है। यहां से निकले खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय खेलों में भी अच्छा प्रदर्शन कर जिले का नाम रोशन कर चुके हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय जशपुर में खेलों को आगे ले जाने विशेष रूप से प्रयासरत हैं। यहां पर खेल के लिए अधोसरंचना विकास के साथ विभिन्न खेलों का आयोजन किया जा रहा है ताकि खिलाड़ी उभर का सामने आए। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे अखिल भारतीय वनवासी कल्याण आश्रम के राष्ट्रीय महामंत्री श्री योगेश बापट ने सभी खिलाड़ियों उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि शतरंज खेल हमारे सोचने और समझने की क्षमता का विकास करता है।

## मानसिक स्वास्थ्य के लिए किया गया जनता को जागरूक

**जशपुरनगर।** कलेक्टर रोहित व्यास के निर्देशानुसार मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जशपुर डॉ.जेएस जात्रा के मार्गदर्शन में जिले के सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र तथा आयुष्मान आरोग्य मन्दिर में राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य जन-जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें स्वास्थ्य संस्थानों में मानसिक स्वास्थ्य जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित प्रतिभागियों ने मानसिक स्वास्थ्य संवर्धन संकल्प लिया।

कार्यक्रम का समन्वय जिला चिकित्सालय जशपुर के मनोवैज्ञानिक डॉ. खान अबरार उज़ जमान खान द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम का प्रमुख उददेश्य आमजन में मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना, तनाव, अवसाद, चिंता तथा नशा सम्बंधित विकारों की शीघ्र पहचान को प्रोत्साहित करना और मानसिक रूप से स्वस्थ व्यवहार एवं जीवनशैली को बढ़ावा देना है। कार्यक्रम के दौरान सभी प्रतिभागियों ने सामूहिक रूप से मानसिक स्वास्थ्य संवर्धन संकल्प लिया, जिसमें उन्होंने मानसिक स्वास्थ्य के महत्व को समाज में प्रचारित करने, तनाव या अवसाद से ग्रस्त व्यक्तियों की सहायता करने तथा मानसिक रूप से सशक्त एवं सहायक समाज के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने की प्रतिज्ञा की। डॉक्टरों, सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों, स्वास्थ्यकर्मियों, आशा एवं एएनएम कार्यकर्ताओं, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं तथा स्थानीय समुदाय के सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सभी संस्थानों में आईईसी सामग्री, पोस्टर, बैनर एवं पम्पलेट्स के माध्यम से मानसिक स्वास्थ्य संबंधी जानकारी प्रसारित की गई। विशेषज्ञों ने तनाव प्रबंधन तकनीक परामर्श की भूमिका और मानसिक रोगों की प्रारंभिक पहचान के महत्व पर चर्चा की।

# टॉक्सिक के सेट से लीक हुआ यश का फुटेज



**मुंबई।** साउथ एक्टर यश इन दिनों अपनी दो फिल्मों को लेकर सुर्खियों में बने हुए हैं। एक्शन फिल्म टॉक्सिक और महाकाव्य रामायण। सोमवार को यश की फिल्म 'टॉक्सिक' के सेट से उनका एक शानदार वीडियो सोशल मीडिया पर लीक हुआ है, जिसमें उनका अंदाज देखकर फैंस फिदा हो गए हैं। वीडियो में वह धूम्रपान करते नजर आ रहे हैं। 19 मार्च 2026 को टॉक्सिक की रिलीज से पहले यश का यह वीडियो ऑनलाइन लीक हुआ है। इस लीक वीडियो से फिल्म की सुरक्षा को लेकर चिंताएं बढ़ गई हैं। यश नीली जींस और बिना शर्ट और अपनी दाढ़ी वाले लुक में नजर आ रहे हैं।

## लाइफ Style

# सोनम

## मां-बाप के कहने पर करने लगीं किसिंग सीन



सोनम बाजवा की जल्द ही हर्षवर्धन राणे के साथ फिल्म 'दीवाने की दीवानियत' रिलीज होने वाली है। एक्ट्रेस अब तक दो हिंदी फिल्में कर चुकी हैं और ये उनकी तीसरी हिंदी फिल्म होने वाली है। ऐसे में सोनव बाजवा की बॉलीवुड एंट्री को लेकर बज भी बना हुआ है।

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

एक्ट्रेस ने अपने इंटरव्यू में बताया कि वो किसिंग सीन के डर से पहले हिंदी फिल्में नही कर रही थीं, लेकिन उनके पेरेंट्स ने उन्हें इसे बस काम समझ कर इंटीमेट सीन्स से न डरने की सलाह दी।पंजाबी एक्ट्रेस सोनम बाजवा इन दिनों बॉलीवुड में पैर जमाने की तैयारी में जुटी हुई हैं। वो धीरे-धीरे बॉलीवुड फिल्में कर रही हैं। वो अबतक 2 हिंदी फिल्में कर चुकी हैं। एक्ट्रेस को हाउसफुल 5 और बागी 4 में देखा जा चुका है और अब वो जल्द ही हर्षवर्धन राणे के साथ एक दीवाने की दीवानियत में नजर आने वाली हैं। इस फिल्म की रिलीज से पहले सोनम बाजवा ने उस वक्त के बारे में बात की जब वो सिर्फ किसिंग और इंटीमेट सीन्स के डर से बॉलीवुड फिल्मों के रिजेक्ट कर रही थीं। सोनम ने कहा कि उन्हें इस बात को लेकर संदेह था कि उनके किसिंग सीन्स और इंटीमेट सीन्स को लेकर पंजाब में दर्शक कैसे रिएक्ट करेंगे। एक्ट्रेस आगे कहती हैं कि उनके पेरेंट्स ने इस मामले में उनका काफी सपोर्ट किया था। सोनम ने बताया कि पेरेंट्स से बात करने के बाद उनका नजरिया पूरी तरह से बदल गया वो बताती हैं, यह कुछ साल पहले की बात है, और मैंने अपने मां-पापा से इस बारे में बात की। वे बोले, 'हां, अगर यह फिल्म के लिए है, तो ठीक है। और मैं बहुत चौंक गई।

## हॉलीवुड मसाला

# 13 साल बड़े नेता को कर रहीं डेट



**लॉस एंजिल्स।** कनाडा के पूर्व पीएम जस्टिन ट्रूडो और हॉलीवुड सिंगर कैटी पेरी की क्रूज पर ली गई रोमांटिक तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो गई हैं। दोनों की किसिंग फोटोज ने इंटरनेट पर तहलका मचा दिया है। तलाक के बाद ट्रूडो का यह नया रिश्ता सुर्खियों में है। बात हो रही है कनाडा के पूर्व प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो (53) और उनकी कथित गर्लफ्रेंड और हॉलीवुड स्टार कैटी पेरी (40) की. इस कपल की किसिंग तस्वीरों इंटरनेट पर वायरल हो गईं।




# जुरासिक वर्ल्ड- कैओस थ्योरी सीजन 4 का ट्रेलर रिलीज

**लॉस एंजिल्स।** नेटफ्लिक्स और ड्रीमवर्क्स एनिमेशन की लोकप्रिय एनिमेटेड सीरीज 'जुरासिक वर्ल्डः कैओस थ्योरी'के चौथे और आखिरी सीजन का ट्रेलर रिलीज हो चुका है। न्यूयॉर्क में हुए इस ट्रेलर लॉन्च इवेंट के मौके पर सीरीज की पूरी टीम मौजूद थी। ट्रेलर में डायनासोर वर्ल्ड की एक बार फिर झलक देखने को मिल रही है, जिसे देखने के बाद फैंस उत्साहित हो गए हैं। ट्रेलर की शुरुआत ही गहरे सस्पेंस और एडवेंचर से होती है। इस बार कहानी छह साल आगे बढ़ चुकी है, जब 'कैंप क्रेटेशियस' की घटनाओं के बाद डायनासोर खुली दुनिया में जी रहे हैं और इंसान उनसे डर के साये में जिंदगी बिता रहे हैं। इस सीजन में 'नब्लर सिक्स' के नाम से मशहूर छह दोस्तों की टीम एक बार फिर साथ आती है, लेकिन इस बार उनका सामना केवल डायनासोर से नहीं बल्कि एक ऐसी साजिश से होता है जो इंसानों और डायनासोर, दोनों के अस्तित्व को खतरे में डाल देती है।

# स्टार किड के लिए आसान नहीं फिल्म इंडस्ट्री



**मुंबई।** अभिनेत्री प्रनूतन बहल फिल्म इंडस्ट्री के एक मशहूर परिवार से ताल्लुक रखती हैं। वह मोहनीश बहल की बेटी और दिग्गज अभिनेत्री नूतन की पोती हैं। उन्हें सिनेमाई पहचान विरासत में मिली है। हालांकि प्रनूतन मानती हैं कि उनके लिए इंडस्ट्री में जगह बनाना आसान नहीं रहा। अभिनेत्री ने बॉलीवुड में एक स्टार किड होने के अपने अनुभव और इस सफर में आई मुश्किलों के बारे में खुलकर बात की। एचटी से बात करते हुए उन्होंने बताया कि वह अभिनेताओं से घिरी रहती थीं, इसलिए उनके लिए यह समझना आसान हो गया कि यह एक मुश्किल इंडस्ट्री है। उन्हें पता था कि कई बार बिना काम के भी कई दौर गुजारने पड़ेंगे। उन्हें इस बारे में पहले ही चेतावनी दी जा चुकी थी। उन्होंने यह भी बताया कि इंडस्ट्री में जिन लोगों के माता-पिता नहीं होते, उन्हें चीजें समझ नहीं आतीं।



# मनीष की गैंग पर ये अकेली भारी...

**मुंबई।** एक तरफ भारत में हाल ही में पॉप्युलर डिजाइनर मनीष मल्होत्रा ने शनिवार को अपने घर दीपावली पार्टी रखी, वहीं दूसरी तरफ न्यूयॉर्क में भी ऐसी ही पार्टी रंग चढ़ा नजर आया। मनीष मल्होत्रा की पार्टी में मलाइका अरोड़ा, करीना कपूर, काजोल से लेकर रेखा तक का ग्लैमरस और फेस्टिव लुक खूब दिखा। वहीं, न्यूयॉर्क में हुई दिवाली पार्टी प्रियंका चोपड़ा ने धूम मचा दी। निक जोनस के साथ उनकी झलकियां जैसे ही सोशल मीडिया पर नजर आई, मनीष की इस पार्टी की झलकियों पर भारी पड़ गई। प्रियंका चोपड़ा और निक जोनस की जोड़ी एकबार फिर चर्चा में हैं। न्यूयॉर्क में हुई दिवाली पार्टी में भारत के इस फेस्टिवल का रंग खूब चढ़ा दिखा। प्रियंका चोपड़ा और निक जोनस ने साथ मिलकर इस त्यौहारी इवेंट रौनक बढ़ा दी।

## टीवी मसाला



# राइज एंड फॉल शो से आदित्य और कीकू शारदा बाहर

**मुंबई।** रियलिटी शो 'राइज एंड फॉल में फिनाले से पहले डबल एविक्शन का बड़ा ट्विस्ट आया है। शो से एक साथ दो कंटेस्टेंट, कीकू शारदा और आदित्य नारायण, बाहर हो गए हैं। दर्शक भी ये देखकर शॉक्ड हो गए हैं। एलिमिनेशन के लिए कीकू शारदा, आदित्य नारायण, आकृति नेगी और नयनदीप रक्षित को नॉमिनेट किया गया था। वोटिंग के दौरान सभी की सांसें थम गईं, लेकिन जब दो लोगों का एविक्शन हुआ तो कंटेस्टेंट्स को बड़ा झटका लगा। पहला नॉमिनेशन कीकू शारदा का हुआ। रूलर्स ने वोट किया और वे बाहर हो गए। इसके बाद बेसमेंट के कंटेस्टेंट्स बाली, आरुष भोला और मनीषा रानी ने आदित्य नारायण को चुना। दोनों के एविक्शन के समय सभी कंटेस्टेंट्स भावुक दिखे। अक्सर एक-दूसरे से भिड़ने वाले बाली और आदित्य ने एक-दूसरे को गले लगाया। आदित्य ने बाली से माफी भी मांगी। धनश्री वर्मा और अरबाज भी अपने आंसू नहीं रोक पाए और आदित्य के बाहर होने पर दुख जताया।'राइज एंड फॉल'धीरे-धीरे अपने फिनाले की ओर बढ़ रहा है, जिससे कंटेस्टेंट्स के बीच तनाव बढ़ता जा रहा है। कीकू शारदा ने ज्योतिष बनकर सबका मनोरंजन किया और भविष्य बताया था। अब जब कीकू शारदा और आदित्य नारायण बाहर हो गए हैं, तो शो में और भी ट्विस्ट देखने को मिलेंगे. अब शो में आरुष भोला, बाली, मनीषा रानी, आकृति नेगी, नयनदीप रक्षित, अर्जुन बिजलानी, धनश्री वर्मा और अरबाज पटेल ही बचे हैं। ये सभी टॉफी हासिल करने के लिए भिड़ेंगे।

## जैमी ने बिग बॉस 19 में उड़ाया तान्या का मजाक

**नई दिल्ली।** बिग बॉस 19 में वीकेंड के वॉर में सलमान खान कंटेस्टेंट की खूब क्लास लगाते हुए नजर आते हैं। कुछ पूरे हफ्ते अच्छा खेलते हैं तो उनकी खूब तारीफ होती है, वहीं कुछ अपनी हरकतों की वजह से सलमान खान के गुस्से का शिकार होते हैं। इस हफ्ते वीकेंड का वार में जॉनी लिवर की बेटी जैमी लिवर फराह खान बनकर आईं थीं। वो घरवालों से फराह खान के अंदाज में ही बात करती नजर आईं।



उन्होंने सारे घरवालों को उनकी हरकतों की वजह से रोस्ट किया। इस लिस्ट में तान्या मित्तल भी थीं। तान्या अपनी बातों की वजह से अक्सर ट्रोल्स के निशाने पर रहती हैं और इस बार जैमी ने भी उन्हें खूब ट्रोल किया। जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल बो रहा है। जैमी कहती हैं- तान्या तुम बकलावा खाने दुबई जाती हो, बिस्कुट खाने ब्रिटेन जाती हो, खजूर खाने के लिए साउदी अरेबिया जाती हो। मुझे तुमसे ये पूछना है कि तुम इलाज करवाने के लिए किधर जाती हो।

# बॉबी देओल की नई फिल्म का खतरनाक पोस्टर रिलीज



**मुंबई।** बॉबी देओल एक बार फिर से विलन के रोल के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। इस बार वो प्रफेसर की भूमिका में होंगे, लेकिन ये शातिर और खतरनाक रोल होनेवाला है। फैन्स ने उनकी इस झलक पर ही खूब अनुमान लगाना शुरू कर दिया है। हालांकि, कुछ लोगों को उनके चेहरे पर लंबे बाल नहीं अच्छे लग रहे। बॉबी देओल अपनी दूसरी पारी में लगातार शतक जड़ रहे हैं। आश्रम, एनिमल और हालिया रिलीज द बैड्स ऑफ बॉलीवुड के बाद एक बार फिर बॉबी अपने नए अंदाज से लोगों का दिल जीतने आ रहे हैं। विलेन के अवतार में एक बार फिर बॉबी देओल पर्दे पर आग लगाने के लिए तैयार नजर आ रहे हैं। बॉबी ने अपने अपकमिंग प्रोजेक्ट का पहला पोस्टर शेयर किया है, जिसका नाम अभी फाइनल तय नहीं किया गया है। इस पोस्टर को शेयर करते लिखा, 'पॉप कॉर्न वॉप कॉर्न ले आओ, शो शुरू होनेवाला है।' पोस्टर के साथ ही फैन्स की दीवानगी भी खूब दिखने लगी। इस नए पोस्टर में बॉबी एक ट्वीड जैकेट, डार्क रिम वाले चश्मे, और आंखों में वही खतरनाक चमक लिए नजर आ रहे हैं। सॉल्ट एंड पेपर लुक में बॉबी के बालों की बड़ी लटें दिख रही हैं। इस पोस्ट पर बताया गया है कि वो इस फिल्म में बतौर प्रफेसर नजर आनेवाले हैं। हालांकि, ये रोल शातिर और खलनायक दिख रहा है।

# अध्याश्री-सुकृति बनीं सुपर डांसर चैप्टर 5 की विनर




**नई दिल्ली।** 'सुपर डांसर चैप्टर 5' ने शुरू से ही दर्शकों को एंटरटेन किया और उन्हें अपने साथ जोड़े रखा। इस सीजन में भारत के कुछ सबसे टैलेंटेड डांसर थे, जिनकी सोशल मीडिया पर पहले से ही बड़े फैन फॉलोइंग हैं, इसलिए डांस मुकाबला बहुत ही रोमांचक रहा। फिनाले से पहले तक अंदाजा लगाना आसान नहीं था कि कौन सुपर डांसर की ट्रॉफी जीतकर घर लौटेगा. हफ्ते-दर-हफ्ते हर कंटेस्टेंट ने अपनी परफॉर्मेंस से भारत को मंत्रमुग्ध किया, लेकिन अंत में अध्याश्री और सुकृति ने मिलकर ट्रॉफी जीत ली।

'सुपर डांसर चैप्टर 5' के टॉप छह फाइनलिस्ट्स में अप्सरा, अध्याश्री, सुकृति, अदिति, सोमान्श और नमीष शामिल थे, जिनके युनिका डांस और स्टाइल ने लोगों को काफी इंप्रेस किया।आज उनकी सोशल मीडिया पर तगड़ी फैन फॉलोइंग है। जजेस की बात करें तो बॉलीवुड के लीजेंड और भारत के सबसे पसंदीदा डांसरों में से एक गोविंदा जजेस पैनल में शामिल थे। उन्हें शो के मंच पर शिल्पा शेट्टी, गीता कपूर और मार्जी पेस्टोंजी का साथ मिला। अध्याश्री ने ट्रॉफी जीतने के बाद कहा, 'सुपर डांसर ने मुझे मंच दिया जहां मैं कुछ बेहतरीन डांसरों और बड़े बॉलीवुड सेलेब्स के सामने परफॉर्म कर सकी। मैंने पूरे सफर का मजा लिया और ट्रॉफी जीतना मेरी सबसे बड़ी उपलब्धि है। मैं सभी का धन्यवाद करती हूं जिन्होंने मेरा समर्थन किया, खासकर मेरी मां का, जिनके लगातार सपोर्ट ने मुझे अपना बेहतरीन देने के लिए प्रेरित किया.' सुकृति ने कहा, 'ट्रॉफी जीतकर मैं बहुत खुश हूं. अपनी मां को इतना खुश देखकर यह जीत और भी खास बन गई। मैं 'सुपर डांसर चैप्टर 5 के सेट पर बनाए गए पलों और जो दोस्त बनाए, उन्हें हमेशा याद रखूंगी। यह मेरी लिए एक खास जीत है।'

## 1974 की 10 सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्मों की लिस्ट में थीं शामिल

# राजेश खन्ना की वो 3 फिल्में, जिनकी आंधी में उड़ गया था बॉक्स ऑफिस

*नई दिल्ली। राजेश खन्ना एक ऐसे दिग्गज अभिनेता थे, जिन्हें बॉक्स ऑफिस पर टक्कर दे पाना किसी के लिए भी आसान नहीं था। उन्हें बॉलीवुड का पहला सुपरस्टार भी कहा जाता था, जिन्होंने अपने करियर में एक से बढ़कर एक फिल्में दीं। आज हम आपको उनकी 3 ऐसी फिल्मों के बारे में बताने जा रहे हैं, जो 1974 की 10 सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्मों की लिस्ट में शामिल थीं। राजेश खन्ना आज भले ही हमारे बीच नहीं हैं, लेकिन उनकी यादें आज भी उनके चाहने वालों के दिलों में जिंदा हैं। वह एक बेहतरीन अभिनेता थे, जिनका नाम शीर्ष अभिनेताओं की सूची में शामिल था। लोगों में उनके प्रति गजब का क्रेज था। सभी उनकी नई फिल्मों के इंतजार में रहते थे, यही वजह भी थी कि फिल्में उनके नाम से ही बॉक्स ऑफिस पर हिट हो जाती थीं।*

**प्रेम नगर :** यह एक रोमांटिक ड्रामा फिल्म थी, जिसका निर्माण डी. रामानायडू ने और निर्देशन केएस प्रकाश राव ने किया था। इसमें राजेश खन्ना, हेमा मालिनी, कामिनी कौशल, प्रेम चोपड़ा, बिंदु और असरानी मुख्य भूमिकाओं में हैं, जबकि अशोक कुमार और अरुणा ईरानी अतिथि भूमिकाओं में हैं। यह निर्देशक की अपनी तेलुगु फिल्म प्रेम नगर (1971) का रीमेक था, जो दर्शकों बेहद पसंद आई थी. विकिपीडिया के आंकड़ों के अनुसार, यह साल 1974 की चौथी सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म भी बनी थी।




**रोटी :** यह एक एक्शन फिल्म थी, जिसका निर्देशन मनमोहन देसाई ने और निर्माण रजनी देसाई और राजेश खन्ना ने आशीर्वाद पिक्चर्स प्राइवेट लिमिटेड के बैनर तले किया था। इसमें खन्ना और मुमताज ने अभिनय किया था और संगीत लक्ष्मीकांत प्यारेलाल ने दिया था। यह फिल्म 11 अक्टूबर 1974 को बेनाम और रोटी कपड़ा और मकान के साथ रिलीज हुई थी। कथित तौर पर कादर खान को फिल्म के संवाद लिखने के लिए 1.21 लाख का भुगतान किया गया था। यह साल 1974 की सातवीं सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म भी बनी थी।




**आप की कसम :** 1974 में बनी जे ओम प्रकाश द्वारा निर्मित यह एक रोमांटिक फिल्म थी, जो उनके निर्देशन में भी पहली फिल्म थी. फिल्म में राजेश खन्ना, मुमताज, संजीव कुमार, रहमान, असरानी और एके हंगल ने अभिनय किया था। फिल्म में संगीत आरडी बर्मन ने दिया था। इस फिल्म को भी सिनेमाघरों में काफी पसंद किया गया था और यही वजह भी थी कि यह साल 1974 की आठवीं सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म भी बनी थी।



## खबर संक्षेप

### कुख्यात माओवादी सुनील गंजू गिरफ्तार

**राउरकेला।** झारखंड ओडिशा सीमा क्षेत्र में पुलिस को एक बड़ी कामयाबी मिली है। हजारीबाग जिले के बारकागांव थाना क्षेत्र के जोराकट गांव से कुख्यात माओवादी और सीपीआई माओवादी के पूर्व जोनल कमांडर सुनील गंजू को गिरफ्तार किया गया है। वह 2001 के बेलटू नरसंहार का मास्टरमाइंड था, जिसमें माओवादियों ने 13 निर्दोष ग्रामीणों की नृशंस हत्या कर दी थी। उस समय यह घटना पूरे देश को झकझोर देने वाली साबित हुई थी, क्योंकि माओवादियों पर मृतकों के सिर काटकर फुटबॉल खेलने का भी आरोप लगा था। पुलिस सूत्रों के अनुसार, सुनील गंजू 1990 से माओवादी संगठन में सक्रिय था। वर्ष 2018 में जेल से रिहा होने के बाद उसने दोबारा संगठन से संपर्क साध लिया और जोराकट व आसपास के इलाकों में टैक्स वसूली व संगठन पुनर्गठन की गतिविधियों में जुट गया था। सघन घेराबंदी में दबोचा गया माओवाद विरोधी अभियान के तहत पुलिस ने जोराकट क्षेत्र में सघन सर्च ऑपरेशन चलाया। इस दौरान संदिग्ध रूप से घूम रहे एक व्यक्ति को पकड़ा गया, जिसके पास एक बड़ा बैग था। पूछताछ में उसने अपना नाम सुनील गंजू बताया। उसके पास से माओवादी लेटरहेड पर्चे और संगठनात्मक दस्तावेज़ बरामद किए गए हैं।

### राष्ट्रीय टास्क फोर्स की वेबसाइट का हुआ शुभारंभ

**जांजगीर-चांपा।** उच्च शिक्षा विभाग, शिक्षा मंत्रालय द्वारा 08 अगस्त को राष्ट्रीय टास्क फोर्स की आधिकारिक वेबसाइट का शुभारंभ किया गया है। जिला बाल सरंक्षरण अधिकारी ने बताया कि राष्ट्रीय टास्क फोर्स की वेबसाइट पर स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं, संस्थागत प्रतिनिधियों, उच्च शिक्षा संस्थानों के छात्र-छात्राओं और संकाय सदस्यों के लिए एक केंद्रीय मंच तैयार किया गया है, जहाँ से वे मानसिक स्वास्थ्य एवं छात्र कल्याण में सुधार से संबंधित अपने विचार और सुझाव साझा कर सकते हैं। जानकारी एकत्र करने हेतु वेबसाइट पर अंग्रेजी एवं हिंदी, दोनों भाषाओं में ऑनलाइन सर्वेक्षण प्रश्नावली उपलब्ध कराई गई है। इसका उद्देश्य छात्रों, शिक्षकों, मानसिक स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं तथा संस्थागत प्रतिनिधियों के विचारों को एकत्रित कर नीति निर्माण में उपयोग करना है। जिले के सभी उच्च शिक्षा संस्थानों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं एवं स्वयंसेवी संगठनों से आग्रह किया है कि वे उक्त लिंक के माध्यम से अपने सुझाव एवं जानकारी अपडेट करें, ताकि छात्र कल्याण एवं मानसिक स्वास्थ्य के क्षेत्र में ठोस सुधार किया जा सके।

### दीपावली पर अग्नि सुरक्षा उपायों के संबंध में दिशा निर्देश जारी

**जांजगीर-चांपा।** आगामी दीपावली पर्व के अवसर पर जिले में पटाखों के सुरक्षित उपयोग व अग्नि सुरक्षा के उपायों के संबंध में नागरिकों से विशेष सावधानी बरतने की अपील की है। जिला सेनानी एवं अग्निशमन अधिकारी सुश्री योग्यता साहू ने नागरिकों से अनुरोध किया गया है कि वे केवल लाइसेंस प्राप्त विक्रेताओं से ही गुणवत्ता युक्त पटाखे खरीदें, ताकि दुर्घटनाओं के जोखिम को कम किया जा सके। पटाखे हमेशा खुले स्थानों जैसे पार्क या मैदानों में ही जलाएं, इमारतों, वाहनों और ज्वलनशील पदार्थों से दूर रहें। पटाखे जलाते समय पास में पानी की बाल्टी या रेत रखें, ताकि किसी भी आपात स्थिति में तुरंत उपयोग किया जा सके। साथ ही, सुती वस्त्र पहनने को प्राथमिकता दें, क्योंकि सिंथेटिक कपड़े आसानी से आग पकड़ लेते हैं। इस्तेमाल किए गए पटाखों को पानी की बाल्टी में डालकर सुरक्षित तरीके से निपटान करें, ताकि किसी चिंगारी से आगजनी की घटना न हो। उन्होंने कहा कि एक समय में एक ही पटाखा जलाएं और आग लगाने के बाद उससे सुरक्षित दूरी बनाए रखें। साथ ही, हवा की दिशा का ध्यान रखें, जिससे कि चिंगारियां घरों या व्यक्तियों की ओर न उड़ें। जिला सेनानी एवं अग्निशमन अधिकारी बताया कि घर के अंदर, खिड़कियों के पास या बंद स्थानों पर पटाखे न जलाएं। पटाखे जलाते समय ढीले या लटकने वाले वस्त्र पहनने से बचें, क्योंकि वे आसानी से आग पकड़ सकते हैं।

### पीएम नटवर स्कूल, रायगढ़ में विद्यार्थियों ने प्रस्तुत किए नवाचारपूर्ण विचार

# जिला स्तरीय विज्ञान सेमिनार का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायगढ़



पीएम नटवर स्कूल रायगढ़ में जिला स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी एवं विज्ञान सेमिनार का आयोजन किया गया। इसमें जिले के सात विकासखंडों से चयनित प्रतिभाशाली विद्यार्थियों ने भाग लिया और अपने उत्कृष्ट वैज्ञानिक प्रयोगों व तार्किक प्रस्तुतियों से सभी को प्रभावित किया।

इस वर्ष विज्ञान सेमिनार का विषय प्लास्टिक प्रदूषण को कम करना रखा गया। विद्यार्थियों ने पर्यावरण संरक्षण से जुड़ी नवीन तकनीकों, पुनर्चक्रण के उपायों और प्लास्टिक के विकल्पों पर अपने नवाचारपूर्ण विचार एवं वैज्ञानिक समाधान प्रस्तुत किए। जिला शिक्षा अधिकारी डॉ.केवी राव ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा विज्ञान हमारे जीवन का अभिन्न हिस्सा है। इसके प्रयोग से न केवल जीवन स्तर सुधरता है, बल्कि समाज की अनेक समस्याओं का समाधान भी संभव है। विद्यार्थियों को चाहिए कि वे नई सोच नई दिशा और प्रयोगधर्मी दृष्टिकोण अपनाएं। उन्होंने आगे प्रेरक संदेश देते हुए कहा कि सभी विद्यार्थी प्रतिदिन विज्ञान से संबंधित समाचार अवश्य देखें, शाम को विज्ञान पर आने वाले कार्यक्रमों पर ध्यान दें और डेली न्यूज पेपर पढ़ने की आदत डालें। यह आदत आपकी वैज्ञानिक समझ और जागरूकता को मजबूत बनाएगी। नोडल अधिकारी भुवनेश्वर पटेल ने कहा सभी विकासखंडों से आए विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। जो विद्यार्थी जिला स्तर पर चयनित होंगे वे जोन स्तर पर रायगढ़ जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे और आगे राज्य स्तर तक पहुंचेंगे।

एपीसी श्रीमती किरण मिश्रा एवं अभय पांडे ने बताया कि विद्यार्थियों की प्रस्तुति अत्यंत प्रभावशाली रही। उन्होंने राज्य स्तर पर प्रस्तुति को और निखारने के लिए उपयोगी सुझाव दिए। निर्णायक के रूप में दिनेश वर्मा, शाउच्च विद्यालय, गोरखा, अनुपम तिवारी, शाउमा विद्यालय, गेरवानी, किरण कुमार पटेल, शाउमा विद्यालय, तारापुर ने निर्णायक की भूमिका निभाई। डीएमसी आलोक स्वर्णकार ने कहा विज्ञान हमारे दैनिक जीवन का आधार है। विद्यार्थियों को चाहिए कि वे अपने नवाचारों के माध्यम से प्लास्टिक प्रदूषण जैसी वैश्विक समस्या के समाधान हेतु योगदान दें। सहायक नोडल अधिकारी वीर सिंह ने बताया कि इस आयोजन में जिले के सभी सातों विकासखंडों के विद्यार्थी शामिल हुए। जिसमें प्रथम स्थान सान्वी पटेल विकासखंड धरमजयगढ़, द्वितीय स्थान आकांक्षा चौधरी पुसौर, तृतीय स्थान निधि प्रधान घरघोड़ा चयनित प्रतिभागी आगे जोन स्तरीय प्रतियोगिता में रायगढ़ जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। कार्यक्रम का संचालन सीएससी राजकमल पटेल द्वारा अत्यंत प्रभावशाली और गरिमामय ढंग से किया गया। अंत में सभी अतिथियों ने विद्यार्थियों को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं और कार्यक्रम के सफल आयोजन की सराहना की।

# विधायक की पहल पर चेन्नई से आया श्रमिक का पार्थिव शरीर



**राउरकेला।** लाठीकटा ब्लॉक के सुईडीह पंचायत अंतर्गत कनरसुआ गांव के गणेश नागुआर 27 की मौत के बाद उनका पार्थिव शरीर विधायक की पहल पर चेन्नई से गांव पहुंचाया गया। गणेश 3 सितंबर को रोजगार के लिए तमिलनाडु के चेन्नई गए थे जहां एक ठेकेदार के अधीन काम करते हुए वे गंभीर रूप से बीमार पड़ गए।

जानकारी के अनुसार बीमारी के बावजूद ठेकेदार ने गणेश को काम करने के लिए मजबूर किया। उनकी हालत बिगड़ने पर उन्हें राजीव गांधी सरकारी अस्पताल, चेन्नई में भर्ती कराया गया, जहां इसी महीने के पहले सप्ताह में उनकी मृत्यु हो गई। मृतक के परिवारजन आर्थिक तंगी के कारण पार्थिव शरीर को गांव लाने में असमर्थ थे। ऐसे में सुईडीह सरपंच अरुणा इरानी किशान और समाजसेवी उमेश नाग के सहयोग से परिवार ने रघुनाथपाली विधायक दुर्गा चरण तांती से मदद की गुहार लगाई। विधायक ने तुरंत जिला प्रशासन, पुलिस और श्रम विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों से बात कर सभी जरूरी प्रशासनिक मदद सुनिश्चित कराई। साथ ही उन्होंने व्यक्तिगत रूप से आर्थिक सहायता भी प्रदान की।

- विधायक दुर्गा चरण तांती ने की परिजनों की मदद

विधायक के प्रयास से 13 अक्टूबर को गणेश का पार्थिव शरीर चेन्नई से राउरकेला लाया गया और सरकारी अस्पताल के शवगृह में रखा गया। अगले दिन परिवारजन, पंचायत प्रतिनिधि और विधायक सहयोगी वासु सरगड़िया की उपस्थिति में शव का पोस्टमार्टम कर अंतिम संस्कार किया गया। इस संबंध में लाठीकटा थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मृतक की बहन ने बताया कि विधायक दुर्गा चरण तांती ने उन्हें आश्वासन दिया है कि राज्य सरकार के नियमों के अनुसार परिवार को हरसंभव सहायता दिलाई जाएगी। वहीं सरपंच अरुणा इरानी किशान ने विधायक के सहयोग और संवेदनशील पहल के लिए आभार व्यक्त किया है।

# गढ़उमरिया में आयोजित आयुष मेले में 855 लोगों का हुआ उपचार




**बुनगा।** संचालनालाय आयुष रायपुर छग के आदेशनुसार जिला आयुष अधिकारी डॉ गौराहा के मार्गदर्शन में जिलास्तरीय आयुष स्वास्थ्य मेला का आयोजन गढउमरिया में किया गया।

प्रातः 10 बजे भगवान धनवंतरी की विधिवत पूजा अर्चना कर पुसौर जनपद अध्यक्ष श्रीमती हेमलता चौहान डीडीसी श्रीमती भगवती डोलनारायण नायक, सरपंच नित्यानंद यादव, गणमान्य नागरिक दुलार साहू ने मेला का शुभ आरंभ किए। आयुर्वेद जन जन के लिए पृथ्वी के कल्याण के लिए की थीम पर इस वर्ष शिविर का आयोजन किया गया। इसी लिए यह शिविर पहली बार जिला मुख्यालय से बाहर माननीय वित्त मंत्री ओपी चौधरी के विधान सभा क्षेत्र के सबसे बड़े गांव गढ़उमरिया में आयोजित किया गया। शिविर प्रभारी डॉ नीरज मिश्रा ने आयुर्वेद की वैज्ञानिकता एवं उपयोगिता पर प्रकाश डाला। शिविर् का उद्देश्य लोगों को स्वास्थ्य सुविधा देना एवं स्वस्थ जीवन जीने के लिए प्रेरित करना। आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति बहुत ही प्राचीन है। जिसका कोई साइड इफेक्ट्स नहीं होते हैं एवं रोग जड़ से समाप्त होते हैं। शासन आयुर्वेद पद्धति अपनाने के लिए कई प्रकार की योजना चला रही है जिसे आयुष विभाग आम जनता तक पहुँचाने में लगे हैं। जिले में पंच कर्म द्वारा लोगों का इलाज की प्रचलन दिनों दिन बढ़ती जा रही है। शिविर में 855 रोगियों को उपचार कर निशुल्क औषधि वितरण किया। जिसमें आयुर्वेद पद्धति से 740 एवं होमियोपैथी पद्धति से 115 रोगियों का उपचार हुआ। 175 लोगों का रक्त परीक्षण किया गया। शिविर स्थल पर सभी लोगों को रोग प्रतिरोधक गुडचयदि काढा पिलाया गया। नेत्र परीक्षण, आयुष्मान कार्ड बनाने की भी व्यवस्था रखी गई। शिविर स्थल पर विभिन्न आयुर्वेदिक विषयों पर आधारित पाम्पलेट जैसे उच्च रक्तचाप, मधुमेह, वातरोग, ऋतुचर्या, योगाभ्यास आदि का वितरण किया गया एवं प्रदर्शनी के माध्यम से आमजन को जागरूक किया गया। शिविर में मुख्यतः डॉ. कुणाल पटेल, डॉ. अजय नायक, डॉ प्रियंका नायक, डॉ. अनुराधा सिंह, डॉ. नरसिंग पटेल, डॉ.रविशंकर पटेल, डॉ गगन पटेल, डॉ. शेख सादिक, डॉ. संजीव पटेल सहित विभागीय अधिकारी कर्मचारी का सक्रिय योगदान रहा।

### जनता दरबार में 109 शिकायतें 10 का मौके पर समाधान

**सुंदरगढ़।** जिला प्रशासन की पहल पर सोमवार को सबडेगा ब्लॉक परिसर में संयुक्त जन शिकायत सुनवाई जनता दरबार का आयोजन किया गया। इस मौके पर सुंदरगढ़ की पुलिस अधीक्षक अमृतपाल कौर और अतिरिक्त जिलाधिकारी सुरज पटनायक उपस्थित रहे। दोनों अधिकारियों ने आम जनता से सीधे संवाद कर उनकी शिकायतें सुनीं और संबंधित विभागों को आवश्यक निर्देश दिए। कार्यक्रम के दौरान कुल 109 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें 24 व्यक्तिगत और 75 सामूहिक शिकायतें शामिल थीं। इनमें से 10 शिकायतों का समाधान मौके पर ही कर दिया गया। इसके अलावा मुख्यमंत्री राहत कोष से आर्थिक सहायता के लिए 10 आवेदन भी प्राप्त हुए। जन शिकायत सुनवाई में मुख्य विकास अधिकारी एवं कार्यपालक अधिकारी सुरंजन साहू, सुंदरगढ़ समन्वित आदिवासी विकास परियोजना के परियोजना प्रशासक धिरेन्द्र सेठी, एसडीपीओ निर्मल कुमार महापात्रा सहित सभी विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

# जनदर्शन में सुनी गई आमजनों की समस्याएं



**रायगढ़।** जिला कलेक्टोरेट में साप्ताहिक जनदर्शन का आयोजन किया गया। कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी के निर्देशन में अपर कलेक्टर अपूर्व प्रियेश टोप्पो ने जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र से पहुंचे आमजनों की समस्याओं, मांगों और शिकायतों को गंभीरता पूर्वक सुना।

जनदर्शन में पीएम आवास, राजस्व, राशन कार्ड, सामाजिक पेंशन समस्याओं से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए। अपर कलेक्टर श्री टोप्पो ने बारी.बारी से आमजनों की समस्याओं को सुनकर संबंधित अधिकारियों को तय समय.सीमा में गुणवत्तापूर्ण निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के मंशानुरूप आमजनों की समस्याओं के समाधान के लिए जिला कलेक्टेट में प्रत्येक सोमवार को जनदर्शन का आयोजन किया जाता है। सभी अधिकारी इसे गंभीरता से लें और आमजनों की समस्याओं का समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित करें। रायगढ़ निवासी रुक्मणी स्वर्णकार ने भूमि पट्टा की अवधि बढ़ाने संबंधी प्रकरण का निराकरण न होने की शिकायत की। उन्होंने बताया कि नजूल न्यायालय में आवेदन दिए काफी समय हो गया है, पर समाधान नहीं हुआ। इसी तरह ग्राम बरपाली के सरपंच ने बताया कि पुराना पंचायत भवन पूरी तरह जर्जर हो चुका है और अब उपयोग में नहीं लाया जा सकता।

उन्होंने नया पंचायत भवन निर्माण की मांग की। रायगढ़ के निर्मल कुमार मरार ने चिकित्सा सहायता प्रदान किए जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया। वहीं धरमजयगढ़ विकासखंड के जबगा गांव से आए ग्रामीणों ने बताया कि उन्हें धान विक्रय के लिए 25 किलोमीटर दूर जमरगी डी जाना पड़ता है, जिससे भारी परेशानी होती है। उन्होंने स्थानीय धान खरीदी उपकेन्द्र की स्थापना की मांग की। किरोड़ीमल नगर की सुनीता साहू ने ग्राम उच्चभिट्ठी में स्थित अपनी निजी भूमि पर हो रहे अवैध कब्जे और बाउंड्री वॉल निर्माण की शिकायत दर्ज कराई।

### टपरदा में स्वच्छता अभियान, जेसीबी से हो रही सफाई



**पुसौर।** पुसौर जनपद क्षेत्र के अंतिम छोर में बसे ग्राम पंचायत टपरदा में स्वच्छता अभियान चलाते हुए जेसीबी से सफाई की जा रही है।

कुछ साल पहले तात्कालीन सीईओ निलाराम पटेल एवं यहां के सरपंच सुनील पाण्डेय के अथक प्रयास से स्वच्छता अभियान के तहत यह ग्राम ओडीएफ के साथ-साथ स्वच्छ ग्राम की श्रेणी में रहा। इसके बाद इस गांव में पहले की तरह जगह-जगह झाड़ झंकड, बेतरतीब बसाहट के साथ फुहडता भी बढ़ गई। लोगों की यह भी शिकायत रही कि यहां महुआ शराब बनाए जाने से उसकी सड़ांध से गांव का वातावण दुषित हो रहा था, जिसे निजात दिलाने यहां के नव निर्वाचित युवा सरपंच दिनेश जांगड़े ने सफाई का बीड़ा उठाया है। इसके लिए उन्होंने अपने स्वयं के जेसीबी को उपयोग में लिया है। बहरहाल स्कूल परिसर, रोड, मैदान सहित अन्य निस्तारी जगहों की सफाई इनके द्वारा जारी है।

# वृद्धाश्रम में नेत्र जांच शिविर का आयोजन




**रायगढ़।** राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन रायगढ़ द्वारा रजत जयंती के उपलक्ष्य में नेत्र जांच शिविर का आयोजन वृद्धाश्रम आशाप्रेरित देखभाल गृह, बाजिनपाली रोड, फटहामुड़ा रायगढ़ में किया गया। शिविर का आयोजन मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अनिल जगत तथा जिला कार्यक्रम प्रबंधक सुश्री रंजना पैंकरा के मार्गदर्शन में किया गया।

शिविर में वृद्धाश्रम के कुल 47 बुजुर्गजन तथा सभी कार्यरत कर्मचारियों का नेत्र परीक्षण किया गया। इस जांच के दौरान 14 मरीजों में मोतियाबिंद की पहचान की गई, जिनमें 9 महिलाएं और 5 पुरुष शामिल हैं। इसके अलावा 4 व्यक्तियों में प्रेसबायोपिया पाया गया, जिन्हें निःशुल्क चश्मे वितरित किए गए। स्वास्थ्य शिविर में डॉ. सोनाली मेश्राम शहरी कार्यक्रम प्रबंधक डॉ. जीएस पैकरा प्रभारी चिकित्सा अधिकारी, अजय कुशराम नेत्र सहायक अधिकारी, धनसिंह यादव एमपी डब्ल्यू एवं मिथिलेश कुमार आरएचओ की उपस्थिति रही। साथ ही क्षेत्रीय मितानिनों का सहयोग रहा। शिविर में उपस्थित सभी वरिष्ठ नागरिकों और हितग्राहियों को नेत्र जांच के अलावा पोषण, जीवनशैली सुधार तथा सामान्य स्वास्थ्य संबंधी परामर्श एवं आवश्यक दवाइयां भी प्रदान की गईं।

# अपहृत नाबालिग को किया बरामद

**जांजगीर- चांपा।** अलग अलग जगहों से दो अपहृत नाबालिक बालिका को बरामद करने में पुलिस को मिली सफलता मिली है। मामला बलौदा थाना क्षेत्र का है। मिली जानकारी के अनुसार हिमांशु कुमार द्वारा नाबालिक बालिका को 2 मार्च 2025 की रात्रि में बहला फुसलाकर भगा ले गया था। जिसकी सूचना रिपोर्ट पर थाना पामगढ मे धारा 137(2) बी.एन.एस. कायम कर विवेचना कार्यवाही में लिया गया था। इसी प्रकार पहरिया निवासी रूपेश कुमार माथुर 30 सितंबर की रात्रि में एक नाबालिक बालिका को बहला फुसलाकर कर भगा ले जाने की सूचना रिपोर्ट पर थाना बलौदा में धारा 137 (2)बीएनएस का पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया था। नाबालिक बालिका पर घटित अपराध को गंभीरता से लेते हुए विवेचना दौरान अपहृत बालिकाओं को बरामद किया जाकर दोनों आरोपियों से पूछताछ करने पर शादी करने का झांसा देकर भगा ले जाकर अनाचार करना जुर्म स्वीकार किया।




### बिलासपुर के साथ तीन मैच की सीरीज

# तहसीलदार मनोज ने खिलाड़ियों से मिलकर मैच किया प्रारंभ



**घरघोड़ा।** घरघोड़ा स्टेडियम में सुबह 9 बजे घरघोड़ा तहसीलदार मनोज गुप्ता बिलासपुर अंडर 19 एवं ओपी जिंदल क्रिकेट अकादमी के मध्य तीन मैच की वन डे सीरीज का प्रारंभ, खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। टास जिला क्रिकेट संघ अध्यक्ष संतोष पांडे ने कराया।

घरघोड़ा स्टेडियम जो लगातार 44 वर्षों से बड़ी-बड़ी प्रतियोगिता कर अपना एक अलग स्थान बनाया है, जिसमें लगातार वर्ष भर क्रिकेट ट्रेनिंग एवं मैचेस होते रहते हैं। क्रिकेट के लगभग सभी राष्ट्रीय स्तर की सुविधा उपलब्ध है, जिसमें ओपी जिंदल क्रिकेट एकेडमी संचालित हैं। इस वर्ष अभी तक कई सीरीज खेले जा चुके हैं, जिसमें केसीसी जशपुर के साथ तीन मैच का सीरीज, जशपुर जिला अंडर 19 के साथ मैच चांपा जांजगीर के साथ मैच अभी तक खेले जा चुके हैं। बिलासपुर जिला छत्तीसगढ़ क्रिकेट के नक्शे का एक महत्वपूर्ण जिला है, जिसकी टीम 3 मैच के लिए घरघोड़ा आई हुई है। खिलाड़ियों को यहां का टूफ विकेट हरा ग्राउंड बहुत पसंद आया है और कई खिलाड़ी तो प्रेक्टिस के लिए इसे बहुत अच्छा बताया, उनका कहना है कि हम लोगों ने नहीं सोचा था कि हमें ईतना अच्छा विकेट एवं ग्राउंड मिलेगा। बरसात ठंडी एवं गर्मी हर मौसम में नियमित क्रिकेट अभ्यास ओपी जिंदल क्रिकेट अकादमी में चालू रहता है, इंडोर क्रिकेट प्रैक्टिस की सुविधा यहां खिलाड़ियों को मिलती है। मैच प्रारंभ करते समय अतिथि मनोज गुप्ता तहसीलदार घरघोड़ा, संतोष कुमार पांडे अध्यक्ष जिला क्रिकेट संघ रायगढ़, अशोक यादव प्राचार्य, शरद थवाईत, शिशु सिन्हा, मनोज बिसवाल, किशोर पटनायक, आशीष शर्मा, उमेश शर्मा, अश्विनी दर्शन, अजय शर्मा, संजय सिकदर, विनोद एक्का, मनीष बोहिदर एवं आसिफ खान के साथ साथ दोनों ही टीम के खिलाड़ी मौजूद थे।

